देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 100 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...सीमा पर कायम तनाव



# पेज थ्री

देहरादून, बृहस्पतिवार, 16 जुलाई 2020



मौसम अधिकतम 33.0° न्यूनतम 23.0°

36033.06

2 रिसर्च से बदलेगा अयोध्या का इतिहास
7 समस्या सुलझाने वाले खिलाड़ी हैं धोनी

# बद्रीनाथ का मास्टर प्लान तैयारः सीएम

**संवाददाता**

देहरादून। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से श्री केदारनाथ में चल रहे निर्माण कार्यों के बारे में जानकारी ली। प्रधानमंत्री ने कहा कि श्री केदारनाथ जी के यात्रा मार्ग पर जो जो कार्य किये जायेंगे, उसमें स्थानीय स्थापत्य कला का विशेष ध्यान रखा जाय। श्री केदारनाथ जाने वाले पैदल यात्रामार्ग को इस तरह विकसित किया जाय कि श्रद्धालुओं को श्रद्धा एवं आध्यात्म के साथ ही श्री केदारनाथ की पौराणिक एवं ऐतिहासिक ज्ञानवर्द्धक जानकारियों का समावेश हो। पैदल यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं के लिए रूकने के लिए व्यवस्था हो इसके लिए आश्रय बनाये जाय। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पैदल यात्रा मार्ग के समीप घोड़ों के लिए एक नियत स्थान बनाया जाय।

## पीएम ने की केदारनाथ में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा



### केदारनाथ धाम के अलौकिक स्वरूप में होगी वृद्धिः पीएम

पीएम मोदी ने ट्वीट कर लिखा पवित्र सावन मास में आज केदारनाथ धाम में हो रहे विकास कार्यों और धाम की दिव्यता को और बढ़ाने के लिए चल रहे प्रयासों की समीक्षा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। केदारनाथ मंदिर और जगद्गुरु आदि शंकराचार्य के समाधि स्थल की दिव्यता बढ़े, स्वच्छता को केंद्र में रखकर और व्यापक विकास हो, इन पर भी बात हुई। मुझे विश्वास है कि बाबा के आशीर्वाद से केदारनाथ धाम के अलौकिक स्वरूप में और भी वृद्धि होगी। उन्होंने आगे लिखा कि बाबा केदार के दर्शन मात्र से करोड़ों श्रद्धालुओं को अपूर्व ऊर्जा मिलती है।

प्रधानमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि श्री केदारनाथ के पैदल मार्ग एवं पर्वतीय क्षेत्र की व्यावहारिक दिक्कतों को ध्यान में रखकर कार्ययोजना बनाई जाय। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि श्री केदारनाथ पैदल यात्रा मार्ग पर आध्यात्मिक वातावरण एवं स्थानीय स्थापत्य कला के साथ ही श्री केदारनाथ से जुड़ी वैदिक साहित्य, माहाकाव्यों, केदारखण्ड एवं पाण्डुलिपियों में वर्णित जानकारियों का समावेश किया जायेगा। उन्होंने सुझाव दिया कि केदारनाथ यात्रा मार्ग पर "ऊँ नमः शिवाय" की ध्वनि की व्यवस्था हो।

सीएम ने कहा कि भगवान बद्रीनाथ का मास्टर प्लान तैयार है, इसके प्रस्तुतिकरण हेतु उन्होंने प्रधानमंत्री से समय देने का अनुरोध किया। बैठक में सचिव पर्यटन दिलीप जावलकर भी उपस्थित थे।

### ब्रह्म कमल वाटिका के लिए स्थान चिन्हित कियाः सीएस

मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह ने कहा कि सरस्वती घाट और आस्था पथ का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। आदिशंकराचार्य की समाधि के पुनर्निमाण सबंधी कार्य भी निर्धारित अवधि में पूर्ण किया जायेगा। ब्रह्म कमल वाटिका के लिए स्थान चिन्हित किया गया है, इस स्थान का तकनीकि परीक्षण करने के बाद कार्य शुरू किया जायेगा। केदारनाथ में मेनपावर बढ़ाकर पुनर्निर्माण सबंधी कार्यों में और तेजी लाने का प्रयास किया गया है। अभी केदारनाथ में 400 से अधिक लोग कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में प्रदेशवासियों को श्री केदारनाथ के दर्शन की अनुमति दी गई है। पिछले दो सप्ताह में लगभग 03 हजार लोगों ने श्री केदारनाथ के दर्शन किये।

## संक्षिप्त समाचार

### 10वीं का रिजल्ट,दून रीजन में प्रतीक्षा शुक्ला शीर्ष पर

**संवाददाता**

देहरादून। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड बुधवार को 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम जारी कर दिया। उत्तराखंड के 44 केंद्रीय विद्यालयों में से 39 का परिणाम शत प्रतिशत रहा। केंद्रीय विद्यालय संभाग के प्रभारी उपायुक्त विनोद कुमार पांडे ने बताया कि प्रदेश में केंद्रीय विद्यालयों का परिणाम 98.80 फीसद रहा। उन्होंने सभी छात्र–छात्राओं को बेहतर रिजल्ट पर बधाई दी। अब तक द टोंस ब्रिज स्कूल की प्रतीक्षा शुक्ला 99 फीसद के साथ शीर्ष पर हैं।

### दून में दोपहर तक आए कोरोना के 30 नए मामले

**संवाददाता** देहरादून। दून में दोपहर तक कोरोना के 30 नए मामले सामने आए। इनमें 20 लोग सेलाकुई में क्वारंटाइन है, जबकि पांच सेना के जवान भी कोरोना संक्रमित हुए हैं। इसके अलावा आइटीबीपी के दो जवानों की भी रिपोर्ट पाजीटिव आई है। अन्य तीन लोगों का कोरोना सैंपल एयरपोर्ट पर लिया गया था सूत्रों के मुताबिक बीस और मामलों में भी रिपोर्ट पाजीटिव आई है। आज शाम तक कुल संख्या 50 पहुंच सकती है। आधिकारिक रूप से अभी सिर्फ 30 मामलों की आधिकारी पुष्टि कर रहे हैं।

### अजेंडा सेट कर कदम उठाएं भारत–ईयू: मोदी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत–यूरोपियन यूनियन समिट को संबोधित करते हुए कहा कि भारत और ईयू के बीच दीर्घकालीन रणनीतिक दृष्टि अपनाने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने यूरोपीय देशों में कोरोना वायरस के कारण हुए नुकसान के लिए संवेदना प्रकट की। पीएम ने कहा, आज हमारे नागिरकों की सेह और और समृद्धि, दोनों ही चुनौतियों का सामना कर रहें हैं। हमें भारत–यूरोपियन यूनियन को लॉन्ग टर्म स्ट्रैटिजिक प्रॉस्पेक्टिव अपनाना चाहिए। भारत और ईयू नैचरल पार्टनर हैं।

## 34 हजार करोड़ जियो में निवेश करेगी गूगल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■ बड़ी डील, अंबानी बोले भारत को करेंगे 2जी मुक्त

नई दिल्ली। रिलायंस एटीएम की 43वीं बैठक जारी है। मुकेश अंबानी ने इस बैठक में कहा कि गूगल जियो प्लैटफॉर्म्स में 7.7 फीसदी हिस्सेदारी के लिए 33737 करोड़ रुपये निवेश करेगी। गूगल के निवेश के साथ ही रिलायंस में अब निवेश का आंकड़ा 1.52 लाख करोड़ पर पहुंच गया। इस तरह अब तक 14 कंपनियां जियो में निवेश कर चुकी हैं। जियो और गूगल मिलकर एंड्रॉयड बेस्ड स्मार्टफोन के लिए ऑपरेटिंग सिस्टम बनाएगी। मुकेश अंबानी ने कहा कि हम भारत को 2जी मुक्त करेंगे और सभी लोगों तक 4जी स्मार्टफोन पहुंचाएंगे।

**ओटू बिजनस को लेकर भविष्य की क्या प्लानिंग है?:** रिलायंस के ऑयल टू केमिकल बिजनस के भविष्य को लेकर एजीएम में मुकेश अंबानी ने कहा कि रिलायंस के साथ दुनिया की बड़ी–बड़ी कंपनियां पेट्रोकेमिकल बिजनस में स्ट्रैटिजीक पार्टनरशिप करना चाहती हैं। इस पार्टनरशिप की मदद से हम भारत के केमिकल आयात को घटाएंगे।

भारत अभी भी बड़े पैमाने पर दूसरे देशों से केमिकल का आयात करता है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में रिलायंस का ऑयल टू केमिकल बिजनस काफी ग्रो करने वाला है। भारत इन दोनों के लिए खुद ही एक बहुत बड़ा मार्केट है।

## बारिश से मकान के ऊपर गिरा पुश्ता, चार की मौत

**संवाददाता** देहरादून। दून के चुक्खुवाला क्षेत्र के इंद्रा कॉलोनी में मंगलवार रात तेज बारिश से पुश्ता (सुरक्षा दीवार) मकान के ऊपर गिरने से मकान ढह गया। इस हादसे में आठ साल की एक बच्च्ची समेत चार लोगों की मौत हो गई। इसमें एक महिला गर्भवती थी। वहीं दो लोग घायल हो गए। उन्हें सेवा 108 के जरिये अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोतवाली थाना के अंतर्गत चुक्कूवाला मोहल्ले में रात करीब दो बजे पुश्ता (सुरक्षा दीवार) ढहने से मलबा एक मकान के ऊपर गिर गया। इससे मकान के अंदर सो रहे दो किरायेदार का परिवार मलबे के नीचे दब गए।

जानकारी के अनुसार, चुक्कूवाला मोहल्ले में एक व्यक्ति द्वारा प्लाटिंग की जा रही है प्लाटिंग के साइड में ठेकेदार द्वारा मोटी सीमेंट की स्लैब रखी हुई है। रात को हजारों टन वजनी स्लैब मकान के ऊपर गिर गया। मकान के अंदर रहने दो परिवार मकान के नीचे दब गए।

## चार माह में हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया गया: सीएम

### कोविड–19 के चार माह पर मुख्यमंत्री ने दी विस्तृत जानकारी

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा है कि पिछले चार माह में राज्य में हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर को काफी मजबूत किया गया है।

कोविड–19 के दृष्टिगत समय–समय पर परिस्थिति अनुरूप आवश्यक निर्णय लिए गए। प्रदेश में सुनियोजित तरीके से कोविड–19 से लड़ाई लड़ी जा रही है। राज्य स्तर पर लगातार स्थिति की समीक्षा की जाती है और जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाती हैं। आज राज्य में कोविड–19 नियंत्रित अवस्था में है। पॉजिटिव केस आ रहे हैं परंतु हमारी रिकवरी रेट भी बेहतर है। अब सर्विलांस, टेस्टिंग, कान्टेक्ट ट्रेसिंग, क्लिनिकल मैनेजमेंट और जन जागरूकता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

### कोविड-19 से लडाई लम्बी, अनुशासन से जीत सम्भव

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड–19 से लड़ाई बहुत लम्बी है। हम अपने दैनिक व्यवहार में बदलाव लाकर ही इस लड़ाई को जीत सकते हैं। मास्क का प्रयोग, दो गज की दूरी और हाथों को बार–बार धोना इन छोटी–छोटी परंतु सबसे महत्वपूर्ण बातों को अपनी आदत में लाना होगा। इसमें सबको जागरूक बनना होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 5 सरकारी और 2 प्राईवेट लेब में कोविड–19 के संक्रमण के सेम्पल की जांच की जा रही है। इसके अतिरिक्त एनसीडी दिल्ली और पीजीआई चंडीगढ़ में भी सेम्पल टेस्टिंग के लिए भेजे जा रहे हैं। कुछ अन्य प्राईवेट लेब को भी मंजूरी दी गई है। सेम्पल टेस्टिंग की सुविधा जिला स्तर पर कराने के लिए जिलों को 16 ट्रूनेट मशीनें उपलब्ध करा दी गई हैं। प्रदेश के चिकित्सालयों में फ्लू क्लिनिक के माध्यम से आ रहे समस्त श्वास व इंफ्लूएंजा जैसे लक्षणों वाले मरीजों का कोविड–19 संक्रमण जांच के लिए सेम्पल लिए जा रहे हैं। प्रदेश में 5 डीसीएच, 12 डेडिकेटेड कोविड–19 हेल्थ सेंटर, 331 डेडिकेटेड कोविड केयर सेंटर्स हैं जिनमें 24327 आइसोलेशन बेड, 273 आईसीयू बेड तथा 161 वेंटिलेटर उपलब्ध हैं।

**विस्तृत खबर पेज 3 पर...**

*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

## पायलट को फिर पैगाम, लौट आओ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बीजेपी में नहीं जाना चाहते तो खट्टर की मेजबानी छोड़ जयपुर लौटें

जयपुर। राजस्थान में जारी सियासी घमासान के बीच कांग्रेस प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा कि चुनाव हारने के बाद भी सचिन पायलट को राजस्थान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया। जितना प्रोत्साहन सचिन पायलट को मिला, उतरा किसी भी दल में किसी को नहीं मिला है। सुरजेवाला ने कहा कि हमने मीडिया के जरिए सचिन पायलट का बयान सुना कि वह बीजेपी में नहीं जाना चाहते। तो मैं उनको कहूंगा कि अगर ऐसा है तो हरियाणा में बीजेपी की सरकार की मेजबानी से वापस आइए। बीजेपी के किसी भी नेता से वार्तालाप बंद कर दीजिए।

कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि मैं सचिन पायलट से फिर कहूंगा कि सबकुछ भूलकर परिवार के सदस्य की तरह जयपुर अपने घर वापस लौटिए। अपने परिवार में वापस आइए, बैठिए और अपनी बात रखिए।